तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026



11 मुख्यमंत्री ने सुरभि गौ धाम मोहतरा का किया ...



10 नया खर्वे में कर्मा जयंती मनाई गई







## खबर संक्षेप



### अवैध सिलेंडर पर प्रशासन की कार्रवाई 23 खाली सिलेंडर जब्त

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले में अवैध एलपीजी गैस सिलेंडर के जमाखोरी व कालाबाजारी के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को एसडीएम सिमगा के नेतृत्व में सिमगा में जांच अभियान चलाया गया, जिसमें गोदाम से 23 अवैध खाली सिलेंडर जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच में सिमगा के ▸▸ शेष पेज 11 पर

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज कसडोल दौरे पर



**कसडोल /सेल।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 15 मार्च को कसडोल क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। उनके इस दौरे को लेकर राजनीतिक और सामाजिक गलियारों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बघेल आज दो प्रमुख सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 9 बजे भिलाई निवास से कार द्वारा प्रस्थान कर 11 बजे कसडोल पहुंचेंगे, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ▸▸ शेष पेज 11 पर

दीप प्रज्वलित कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया शुभारंभ

# नेशनल लोक अदालत, हजारों प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को जिला बलौदाबाजार में सफलतापूर्वक किया गया। यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अमिता जायसवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, न्यायालयीन कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार तथा व्यवहार न्यायालय भाटापारा, सिमगा और कसडोल में विभिन्न खंडपीठों का गठन किया गया। इन खंडपीठों में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश राजभान सिंह, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार ▸▸ शेष पेज 11 पर





### पति-पत्नी का पुनर्मिलन

कुटुम्ब न्यायालय बलौदाबाजार की खंडपीठ, जिसके पीठासीन अधिकारी राजभान सिंह द्वारा 20 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस दौरान एक महत्वपूर्ण मामले में पिता द्वारा नाबालिग बच्चे की अभिरक्षा के लिए प्रस्तुत प्रकरण में समझाइश के बाद पति-पत्नी पुनः साथ रहने के लिए सहमत हो गए और परिवार का पुनर्मिलन हुआ। इसी प्रकार एक अन्य मामले में पत्नी द्वारा पति के विरुद्ध भरण-पोषण के लिए लगाए गए आवेदन को भी समझाइश के माध्यम से सुलझाते हुए दोनों पक्ष दाम्पत्य जीवन में साथ रहने के लिए तैयार हो गए।





### निशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण की व्यवस्था

लोक अदालत में आए पक्षकारों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय बलौदाबाजार सहित व्यवहार न्यायालय सिमगा, भाटापारा और कसडोल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था भी की गई थी। इस व्यवस्था में जिला अस्पताल बलौदाबाजार के साथ ही चंदा देवी तिवारी अस्पताल की टीम ने विशेष सहयोग देते हुए उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच की तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया।

### मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में 22 लाख रुपए पर सहमति

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी की खंडपीठ में भी एक उल्लेखनीय प्रकरण सामने आया, जिसमें पक्षकार न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सके थे। मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण संतोषी व अन्य बनाम देवेन्द्र व अन्य में न्यायाधीश द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्राम गिंदौला लाहौर से पक्षकारों से संपर्क स्थापित कर समझौता कराया गया, जिसमें बीमा कंपनी एवं पक्षकारों के बीच 22 लाख रुपये की राशि पर सहमति बनी।

## पैरावट में लगी आग, 15 एकड़ का पैरा जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी






■ ट्रैक्टर के पहिये भी जले, बाल बाल बचे मवेशी

बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी निवासी प्रेमचंद वर्मा कृषक एवं पंच के घर स्थित बाडी में 13 मार्च की दरमियानी रात्रि 12.30 से एक बजे के आस पास पैरावट में आग लगने से 15 एकड़ का पैरा जलकर राख हो गया।

साथ ही बाड़ी में खड़े ट्रैक्टर के पहिये आग के चपेट में आने से जल गये। पैरावट के पास ही पशुओं के रहने का स्थान है। जिससे पशुओं को आग से क्षति से सुरक्षित कर लिया गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। वहीं असामाजिक तत्वों द्वारा जलाए जाने की आशंका जताई जा रही है। पैरावट एवं ट्रैक्टर के पहिये जलने से एक लाख 20 हजार रुपये अनुमानित क्षति राशि आंकी गई है। ▸▸ शेष पेज 11 पर

## आग की लपटों के बीच पुलिस ने दिखाई बहादुरी, 3 साल की मासूम को बचाया



**पलारी।** क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब कुकदा ग्राम से सूचना मिली कि खेतों के रास्ते भीषण आग तेजी से फैल रही है। सूचना मिलते ही पलारी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते लपटें खेतों को चीरती हुई पलारी की ओर बढ़ने लगीं। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने हालात की गंभीरता को समझते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर बोर के पानी और पाइप की मदद से आग बुझाने की कोशिश शुरू कर दी। धुएं और लपटों के बीच पुलिस स्टाफ ने साहस और सेवा की मिसाल पेश करते हुए आग को काबू में करने में सराहनीय योगदान दिया। लेकिन इसी दौरान आग पीछे से और भी तेजी से पलारी की ओर फैल गई और पलारी के आउटर इलाके में स्थित ईंट भट्ठा के घरों तक पहुंच गई। यहां एक झोपड़ी ▸▸ शेष पेज 11 पर




## खबर संक्षेप

### मंडल अध्यक्ष ने की गंगरेल बांध से नहरों में पानी छोड़ने की मांग

**पलारी।** मार्च का महीना 15 दिन बीतने को है, इस बीच सूर्य ने अपना प्रचंड रूप दिखाना प्रारंभ कर दिया है। जलस्त्रोतों का जलस्तर अब दिनों दिन गिरने लगा है। आगामी भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पलारी मंडल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद मनीष चंद्रकार ने शासन प्रशासन से जल्द ही गंगरेल बांध से नहरों में पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ने की मांग की है। मनीष चंद्रकार ने बताया की



आगामी समय में भीषण गर्मी पड़ने वाली है। कुछ दिनों के बाद रवि फसल भी पकने को तैयार हो जाएगा। रवि फसल के लिए किसानों को पानी की चिंता अभी से सताने लगी है। पीने के पानी के साथ साथ दैनिक उपयोग की जाने वाले जल स्त्रोत कुआं, हैंडपम्प, तालाब, नलकूप सहित सभी स्त्रोतो का जल स्तर नीचे गिरता जा रहा है। यदि समय रहते गंगरेल से नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया,तो आगामी समय में निस्तारी की समस्या के साथ साथ जल संकट और भी गहरा जाएगा। जल संकट की स्थिति में मानव के साथ साथ पशु पक्षी एवम वन्य जीव के लिए भी विकराल जल समस्या निर्मित होगी। किसानों की समस्या एवं आम जनजीवन की सुविधा के लिए हम शासन प्रशासन से जल्द से जल्द गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग करते है।

### गुड़रु पारा में बनेगी नई पानी टंकी, हुआ भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर के गुड़रू पारा वार्ड नंबर 27 में स्वच्छ पेयजल की सुविधा के लिए नवीन पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्षद गुलशन साहू, नागरिक छतराम कन्नौजे, डिगेश्वरी कन्नौजे, यशोदा कन्नौजे, वरुण यादव, लीला साहू और दयावती साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। टंकी बनाने की मांग लगातार उठ रही थी। स्थानीय निवासियों की मानें तो टंकी निर्माण से आने वाले वर्षों में उन्हें पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में प्रचार प्रसार के लिए एंबेसेडर की हुई बैठक

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु कालेज में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के निर्देशन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय के एंबेसडर छात्र-छात्राओं का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को एनईपी 2020 के बारे में जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया तथा छात्र-छात्राओं को एनईपी 2020 के संबंध में प्रचार प्रसार के लिए अपने अपने गांव, शहर, स्थानीय निवास, स्थानीय स्कूलों आदि में छात्र-छात्राओं के बीच उचित संवाद एवं प्रचार के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में संयोजक डॉ. ईपी चेलक के मार्गदर्शन एवं सदस्य डॉ रीता पांडे, प्रो. अजय कुमार राजा, डॉ अजय कुमार देवांगन के उपस्थिति में एवं एंबेसडर छात्र-छात्राएं निकिता चंद्राकर, नेहा पंडा, धार्मिन यादव, तृप्ति साहू मौजूद रहे।
चुरावन साहू, रुद्राक्ष चंद्राकर, हिमेश साहू, कंप्यूटर शिक्षक टीकम साहू, पूजा यादव आदि उपस्थित रहे।

### साहू समाज महिला प्रकोष्ठ का हुआ होली मिलन

**बागबाहरा।** साहू सदन लालपुर में नगर साहू समाज महिला प्रकोष्ठ बागबाहरा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था, जो कि बहुत ही शानदार और भव्य रूप से मनाया गया।
सर्वप्रथम नगर अध्यक्ष हुलसी देवेश साहू के द्वारा माता कर्मा की आरती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात होली के सतरंगी रंगों के साथ सभी बहनों द्वारा नाच गाना कर प्रेम व स्नेह के साथ होली मिलन मनाया गया। तत्पश्चात पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सचिव रूखमणि हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष सुनीता साहू, दमयंती साहू, सहसचिव रूखमणि प्रेम साहू, संतोषी साहू, वरिष्ठ सलाहकार अधिवक्ता गिरिजा साहू, कौशल्या साहू, मेनका साहू, शशिप्रभा साहू साहू आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारियों और श्रमिकों को सुरक्षित कार्य के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्री रायपुर सीमेंट प्लांट, खपराडीह में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों और श्रमिकों को कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के यूनिट हेड हुकम चंद गुप्ता ने सभी कर्मचारियों से सुरक्षित कार्य संस्कृति अपनाने की अपील करते हुए कहा कि हम सभी को शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर अधिक सतर्कता और सुरक्षा का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि असुरक्षित परिस्थितियों, असुरक्षित कार्यों तथा 'नियर मिस' की घटनाओं से सीख लेते हुए सुरक्षा नियमों को अपने दैनिक कार्य व्यवहार का हिस्सा बनाना आवश्यक है।सुरक्षा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को यूनिट हेड हुकम चंद गुप्ता, श्रीजन लेडीज क्लब की ममता गुप्ता, अक्षय जैन, मानसिंह, कैप्टन मनोज बागोरिया, चेतन सोमानी, अमित चौहान, चेतन कपाही, रितेश भोंगाडे, नित्यानंद शुक्ला सहित अन्य विभागाध्यक्षों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव द्विवेदी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन इंद्र कुमार कर्रे ने प्रस्तुत किया।

## संयंत्र ने 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया

### कई प्रतियोगिताओं का आयोजन

सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया। पूरे सप्ताह के दौरान सुरक्षा पोस्टर प्रतियोगिता, सुरक्षा नारा लेखन, सुरक्षा भाषण, खतरों को पहचानने की प्रतियोगिता, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, ड्राइवर ट्रेनिंग वर्कशॉप, अग्निशमन प्रशिक्षण व मॉकड्रिल तथा सुरक्षा रैली जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में कर्मचारियों और श्रमिकों ने भाग लिया।




### नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया सुरक्षा का संदेश

सुरक्षा सप्ताह का भव्य समापन 12 मार्च को संयंत्र परिसर में आयोजित समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा विभाग के शैलेन्द्र राठौड़ द्वारा सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी देने से हुई। इसके पश्चात संयंत्र के कर्मचारियों, श्रमिकों तथा बी.पी.एस. स्कूल के बच्चों ने सुरक्षा से जुड़े गीत प्रस्तुत किए और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

## रसूखदारों को छूट देने का लगाया आरोप

# बोर खनन पर प्रशासन की दोहरी नीति, नागरिकों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवा



सारंगढ़ जिले में बोर खनन को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। आम नागरिकों, छोटे व्यवसायियों और खनन कार्य से जुड़े श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि हाल ही में लागू किए गए बोर खनन नियमों का पालन जमीन स्तर पर समान रूप से नहीं कराया जा रहा है। उनका कहना है कि जहां छोटे खननकर्ताओं पर नियमों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है, वहीं प्रभावशाली और रसूखदार लोगों के मामले में प्रशासन की सख्ती नदारद दिखाई देती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पर्यावरण संरक्षण, भूजल सुरक्षा और अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा बोर खनन के लिए एसडीएम कार्यालय से अनुमति लेना तथा मिट्टी का सैंपल प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह नियम व्यवहार में केवल सीमित वर्ग तक ही लागू किया जा रहा है। आरोपों के मुताबिक जिले के कुछ रसूखदारों प्रभावशाली व्यक्तियों और बड़े व्यापारिक समूहों के पास दर्जनों बोर मशीनें और परिवहन वाहन संचालित हो रहे हैं, जिनका खनन कार्य दिन-रात जारी है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इन गतिविधियों के दौरान न तो अनुमति संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई प्रभावी जांच या कार्रवाई दिखाई दे रही है। दूसरी ओर, छोटे वाहन मालिकों, मजदूरों और सीमित संसाधनों से काम करने वाले खननकर्ताओं को बार-बार पूछताछ, नोटिस और अनुमति प्रक्रिया की जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे कई लोगों का कामकाज प्रभावित होने की बात सामने आई है। इस पूरे मामले को लेकर नागरिकों ने प्रशासन से पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जिले में संचालित सभी बोर खनन गतिविधियों की समान रूप से जांच होनी चाहिए और नियमों का पालन सभी पर एक समान लागू किया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों ने यह भी मांग उठाई है कि यदि किसी को विशेष अनुमति या छूट दी गई है तो उसकी जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही छोटे खननकर्ताओं के लिए अनुमति प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट बनाने की आवश्यकता भी बताई गई है।

नागरिकों का कहना है कि प्रशासन यदि समय रहते इस विषय पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करता है तो यह मामला जन आंदोलन का रूप भी ले सकता है। ऐसे में जिले में कानून के समान और न्यायपूर्ण परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है।

### कांग्रेस नेताओं ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

इस मामले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि -कानून और नियमों का उद्देश्य व्यवस्था और न्याय कायम करना होता है, न कि आम लोगों पर अनावश्यक दबाव बनाना। यदि जिले में बोर खनन के नियमों का पालन चुनिंदा लोगों पर ही कराया जा रहा है और प्रभावशाली लोगों को छूट मिल रही है, तो यह अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। प्रशासन को चाहिए कि वह निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पूरे मामले की जांच कर स्पष्ट करे कि कानून सबके लिए समान रूप से लागू हो रहा है। पूर्व जिला पंचायत सभापति एवं वर्तमान पार्षद रेशम कुर्रे ने भी इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि -कानून का अर्थ ही यह है कि वह सब पर समान रूप से लागू हो। यदि नियम केवल कमजोर वर्ग के लिए सख्ती से लागू हों और प्रभावशाली लोग उससे बाहर दिखाई दें, तो यह व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास को कमजोर करता है। प्रशासन को निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई कर यह स्पष्ट करना चाहिए कि कानून सबके लिए बराबर है।

# मरदा में शासकीय सागौन पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

तहसील से करीब 10 किलोमीटर दूर बसा ग्राम पंचायत मरदा में शासकीय भूमि के सागौन पेड़ को पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देवचरण जोशी द्वारा दबंगई पूर्वक सागौन पेड़ को काटकर बेच दिये जाने का मामला इन दिनों सुर्खियों में है। उक्त मामले की शिकायत वर्तमान सरपंच पूजा नागेश साहू ने एस डी एम बलौदाबाजार को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की हैं।

■ पूर्व सरपंच प्रतिनिधि पर दबंगई का आरोप

विदित हो कि वर्तमान सरपंच पूजा नागेश साहू ने अपने लेटर पेड में एस डी एम बलौदाबाजार को लिखित शिकायत के माध्यम से अवगत कराई है कि ग्राम पंचायत मरदा के मुक्तिधाम के पास शासकीय भूमि में नव सागौन का पेड़ स्थानीय ग्रामीण पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देवचरण जोशी द्वारा काटा गया है। जबकि तहसीलदार ने पेड़ नहीं काटने की अनुमति नहीं दी है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत को धोखे में रखकर सागौन पेड़ को काट डाला है। उक्त संबंध में संवेदनशील एस डी एम प्रकाशचन्द कोरी ने पत्रकारों को बताया कि सागौन पेड़ की कटाई करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई शत प्रतिशत होगी। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि देवचरण जोशी ने बताया कि उनके जमीन पर लगा सागौन पेड़ को काटे जाने की बात स्वीकार की हैं। अब वास्तविक रूप से सागौन पेड़ शासकीय भूमि लगा है या देवचरण जोशी के निजी जमीन पर जांच में स्पष्ट हो जाएगा। मामले में कार्रवाई कब होगी यह आने वाला समय में पता चल ही जाएगा।

# नया खर्वे में कर्मा जयंती मनाई गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

सेमरिया परिक्षेत्र के ग्राम नया खर्वे में कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में तहसील संरक्षक गरीब दास साहू, तहसील उपाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, निर्मला साहू, संगठन सचिव ऊत्र कुमार साहू, तहसील कोषाध्यक्ष हेमलाल साहू, सेमरिया परिक्षेत्र के संरक्षक सीता देवी साहू, अध्यक्ष घंसियाम प्रसाद साहू गुरुजी, सम्मेलन साहू उपाध्यक्ष, संगठन सचिव घसियाराम साहू एवं परिछेत्र के समस्त पदाधिकारी और ग्राम के अध्यक्ष राजेश साहू, भगत साहू उपाध्यक्ष, डॉ रामकुमार साहू संगठन सचिव पदाधिकारी एवं ग्राम के समस्त स्वजातीय बंधु माता बहने राजू साहू हरि कांत अध्यक्ष तहसील साहू संघ कसडोल उपस्थित हुए थे।

# स्वरोजगार से लखपति बन रही नवागांव की दीदियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की इस कड़ी में ग्राम नवागांव की धनलक्ष्मी महिला समूह की दीदियों ने स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक समृद्धि की एक नई मिसाल पेश की है। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समूह की



महिलाओं को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ा गया है, जिससे उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।

धनलक्ष्मी महिला समूह की सदस्य दुलेश्वरी यादव बताती हैं कि बिहान योजना ने उन्हें घर की चारदीवारी से निकालकर एक सफल उद्यमी के रूप में नई पहचान दी है। समूह की महिलाएं वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मकान निर्माण पूर्ण करने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे ईंट, फ्लाई एश ब्रिक्स और सेंट्रिंग प्लेट आदि की आपूर्ति करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जनवरी 2025 में इस कार्य की शुरुआत करने के बाद से अब तक समूह की दीदियों ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर एक लाख रुपये से अधिक की शुद्ध आय अर्जित कर ली है, जो उनके आर्थिक स्वावलंबन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जिले में संचालित इस सार्थक पहल के माध्यम से न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, बल्कि उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़कर समाज में सशक्त स्थिति प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों में महिलाओं की यह भागीदारी निर्माण प्रक्रिया को गति देने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही है। नवागांव की इन महिलाओं की सफलता आज जिले के अन्य स्व-सहायता समूहों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है, जो यह दर्शाता है कि अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी आर्थिक रूप से समृद्ध और सक्षम बन सकती हैं।

### आज से तीन दिवसीय योग शिविर

**महासमुंद।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गार्डन में जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा 15 मार्च से 17 मार्च तक तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में योग के महत्व, नियमित योगाभ्यास से शरीर की शुद्धि, मानसिक तनाव से मुक्ति तथा स्वस्थ एवं निरोगी जीवन जीने के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# ब्लॉक के स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व ग्लकोमा सप्ताह मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ब्लॉक के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों जिसमें मोपर, मोपका, निपानिया, बिटकुली एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भाटापारा में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया गया। ग्लूकोमा नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत गुलेरी ने बताया की ग्लूकोमा या कांच बिंद आंखों की ऐसी अवस्था है, जहां नेत्र गोलक के भीतर का दबाव जिसे हम इंट्रा ऑकुलर प्रेशर कहते हैं वह बढ़ा हुआ मिलता है। ग्लूकोमा के लक्षण अत्यंत सामान्य और



अस्पस्ट होते हैं, जिसे हम समझ नहीं पाते हैं या नजर अंदाज कर अनजाने ही विलंब कर बैठे हैं। अतः हमें इन सामान्य एवं अस्पस्ट लक्षणों के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

सिर और भौहे के आसपास निरंतर दर्द बने रहना जो शाम को अपेक्षाकृत तेज हो जाता है, पढ़ने के चश्मे का नंबर जल्दी-जल्दी बदलना, समान्यता पढ़ने पर चश्मे का नंबर 2 साल में बदलता है, चांद बल्ब एवं अन्य प्रकाश स्त्रोतों के चारों ओर रंगीन इंद्रधनुषी वाला घेरे दिखाई पड़ना, दृष्टि का दायरा का कम होना अर्थात सामने देखते हुए अगल-बगल की चीज का दिखाई ना देना या धुंधली दिखाई देना, उजाले से अंधेरे में जाने पर आंखों को अंधेरा के प्रति अभ्यस्त होने में ज्यादा समय लगना, अगर ऐसे लक्षण महसूस हो तो तत्काल ही नेत्र नेत्र रोग विशेषज्ञ से सलाह लेना चाहिए।

## चैत्र मास पर नारायणी नवल धाम मंदिर प्रांगण में भगवत कथा

# गौ सेवा और भक्ति ही सुखद जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतर्गत पं. झम्मन शास्त्री महाराज ने भक्ति मार्ग और गौ माता की सेवा के संबंध में लोगों को कथा सुनाई। वृंदावन धाम में नंद उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने दही, मक्खन लूट महिला और पुरुषों ने प्रभु के जन्म अवसर पर नाच कर भक्ति रस पाने का प्रयास किया। शास्त्रीजी ने कहा कि राजा ऐसा होना चाहिए। जिससे राज्य सुख शांति और भय मुक्त जीवन व्यतीत करें। ऐसे राजाओं को स्वर्ग में जगह मिलता है। लेकिन भारत के अनेक राजाओं ने अपनी कार्यप्रणाली ऐसी रखी है। कि इंद्रदेव को भी अपनी गद्दी उनके लिए समय-समय पर त्याग्नि पड़ी आज के राजा सत्ता सिंन लोग अपनी गद्दी बचाने तरह-तरह के कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा। कि यदि लोग गौ माता का संरक्षण नहीं करेंगे। मान कर चलिए गाय की विलुप्ता मानव समाज को निकल जाएगी। जो लोग गौ माता का आदर करते हैं। और उनकी सेवा करते हैं। उनके घर भगवान स्वयं पुत्र बनकर अवतरित होते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण नंद बाबा है। राज धर्म के बारे में बताते हुए महाराज श्री ने कहा कि भक्ति मार्ग और गौ माता की सेवा के संबंध में महत्व बहुत है।



आचार्य शास्त्री जी कथा भाग के पंचम दिवस की कथा सुनाएं कहां की भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है। यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है, लेकिन आजकल श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बना दिये है। व्यास पीठ के महत्व नहीं समझ पा रहे हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है। इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा को सुनने और सुनने वाले दोनों को इसके प्रति अटूट आस्था और प्रेम होना चाहिए, तभी आयोजन की सार्थकता है। व्यास जी कथा वाचक ने कहा कि हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने की आवश्यकता है एवं सप्ताह में एक दिन सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ हो कथा के बीच मे वृंदावन धाम मे नन्द उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया।

### पांच दिवसीय रामायण में विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुति

**खरोरा।** ग्राम ईल्दा में 10 से 15 मार्च तक आयोजित पांच दिवसीय रामायण श्रद्धा, भक्ति के साथ आयोजित की गई। समारोह के दौरान रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय पाठ किया गया। कार्यक्रम में शिव शक्ति मानस मंडली आछोला, ज्ञान गंगा मानस मंडली मुड़पार, ज्योति मानस मंडली भानसोज तथा राम के दीवाना मानस मंडली सिसदेवरी सहित लगभग 50 मानस मंडलियों ने भाग लेकर भक्ति प्रस्तुतियां दीं। साथ ही विद्वानों और कथा वाचकों ने रामायण के आदर्शों पर प्रेरणादायक प्रवचन दिए। समारोह के चौथे दिन सरोवर तट पर भव्य दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर भगवान श्रीराम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। हजारों दीपों की रोशनी से सरोवर तट और मंदिर प्रांगण जगमगा उठा, जिससे पूरा वातावरण दिव्य और मनमोहक बन गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष भगत राम साहू एवं उपाध्यक्ष चरण साहू ने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। ग्राम के शिक्षक परमानंद साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में नैतिकता और संस्कारों का संचार होता है। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य नारायण साहू, महेश साहू, गणेश राम, गोविंद कनौजे और हेमलाल साहू का विशेष योगदान रहा। ग्राम सरपंच धनेश साहू ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया और संकीर्तन के साथ समारोह का समापन हुआ।

### नवधा रामायण में बह रही रामनाम की अमृतधारा



**भवानीपुर।** ग्राम वटगन सहित आस पास के ग्राम रिवाडीह, सहाड़ा, धौराभाटा, रोहासी, जर्वे में नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक दिन कीर्तन मंडली द्वारा सुबह शाम राम नाम की कीर्तन करते हुए गली भ्रमण किया जा रही है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए विभिन्न ग्रामों से रामायण मंडली पहुंच रहे हैं। टीकाकारों और विद्वानों ने रामकथा को जीवन जीने की कला, नैतिकता, मर्यादा और सदाचार का मूल आधार बताया। रामायण के मानवीय मूल्यों, जैसे- कर्तव्य, निष्ठा और भक्ति पर जोर देता है, जो समाज को जोड़ने और एक बेहतर जीवन का मार्ग दिखाने में अत्यंत प्रासंगिक हैं। रामायण का महत्व रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक है जो सत्य, न्याय और नैतिकता सिखाती है।आदर्श जीवन भगवान राम के चरित्र के माध्यम से यह एक आदर्श पुत्र, पति और शासक के कर्तव्यों को रेखांकित करती है। यह भारत सहित विश्व के विभिन्न संस्कृतियों में समान रूप से आदरणीय है, जो सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देती है।

## खबर संक्षेप

### जिला उपाध्यक्ष बने हारून रजा और सबा खान बनीं जिला महामंत्री




**भाटापारा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह ने अपनी कार्यकारिणी गौरी शंकर अग्रवाल, शिव रतन शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा एवं जिला अध्यक्ष आनंद यादव और भाजपा के वरिष्ठ जनों की सहमति से जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें 16 लोगों को शामिल किया गया है। इसमें अधिकांश वो चेहरे हैं, जो पहले मंडल और मोर्चा संगठनों में काम कर चुके हैं। जिसमें जिला उपाध्यक्ष हारून रजा भाटापारा एवं सबा खान बलोदाबजार जिला महामंत्री नियुक्त किए गए हैं।

### अधिवक्ता संघ के अनिल अध्यक्ष व नरेन्द्र सचिव बने



**भाटापारा।** बार एसोसिएसन भाटापारा के चुनाव में अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता अनिल मिश्रा लगातार तीसरी बार निर्वाचित हुए। उन्हें 80 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार जे के अग्रवाल को 71 मत मिले। इस प्रकार अनिल मिश्रा 9 मतों से विजयी हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए कमलेश पांडे, सचिव पद पर नरेन्द्र यदु, कोशाध्यक्ष पद में दिलीप कुमार यदु निर्वाचित हुए।

### भागवत कथा का आज समापन



**भटगांव।** ग्राम गोरबा में आयोजित भागवत कथा का 15 मार्च को समापन होगा। कथा के दौरान देवी चंद्रप्रभा ने सभी भक्तों को ज्ञान गंगा में स्नान कराया, ग्राम वासियों के साथ साथ आसपास गांव के भी भक्तजन काफी उत्साह के साथ कथा का श्रवण किया, पूरन वैष्णव ने संचालन एवं पूजा पाठ का कार्यभार संभालते हुए सभी आगंतुक मेहमानों व ग्रामवासी गोरबा के भक्तों का स्वागत कराया। बड़े भक्ति भाव के साथ भागवत कथा को सहस्त्र धारा कराकर संपन्न किया गया।

# मुख्यमंत्री ने सुरभि गौ धाम मोहतरा का किया वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 11 जिलों के 29 सुरभि गौधाम का शुभारम्भ किया, जिसमें बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मोहतरा का सुरभि गौधाम भी शामिल हैं। सुरभि गौधाम मोहतरा में आयोजित पशु प्रदर्शनी मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर पशु प्रदर्शनी मेला में 7 वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता पशुपालकों को पुरस्कार प्रदान किया गया।

सुरभि गौधाम का उद्देश्य घुमंतु पशुओ का व्यवस्थापन, गो सेवा में लिये जन जागरूकता, जब्तशुदा मवेशियों क उचित देखभाल और रोजगार सृजन है। गौधाम संचालन के लिये छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग में पंजीयन जरुरी है। गौधाम संचालन हेतु 10 रुपए प्रति पशु प्रतिदिन के मान से राशि दिया जाएगा। इसके साथ ही चरवाहा एवं गौ सेवक को मानदेय दिया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच हेमू देवदास, जिला अध्यक्ष गौधाम विजय साहू, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ नरेन्द सिंह, उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पशु प्रदर्शनी मेला में पशु पालकों को किया गया पुरस्कृत





### 11 गौ धाम बनाए जाएंगे

एक गौधाम में 250 से 300 मवेशी रखे जायेंगे। आगामी समय में प्रत्येक विकासखंड में 11 गौ धाम बनाए जायेंगे। सुरभि गौधाम मोहतरा में अधोसंरचना जैसे पशु शेड निर्माण, पेयजल, बिजली फेसिंग इत्यादि उपलब्ध है।

## निर्माणाधीन कार्यों को समय- सीमा में पूरा कराने अधिकारियों को निर्देश

# कलेक्टर एवं नपा अध्यक्ष ने शहर में विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने शुक्रवार शाम को बलौदाबाजार नगर में विभिन्न विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समय- सीमा में पूरा कराने अधिकारियों को निर्देश दिये।

29 क्वाटर्स के पास निर्माणाधीन नालंदा परिसर निर्माण के निरीक्षण के दौरान धीमा निर्माण एवं लेबर की कम संख्या पर नारजगी जाहिर करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ठेकेदार को नोटिस जारी करने और समय पर काम नहीं होने पर पेनाल्टी लगाने निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि यह राज्य शासन की महत्वाकांक्षी परियोजना है इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।नालंदा परिसर की ड्राइंग डिजाइन के सम्बन्ध में इंज़ीनियर से जानकारी ली गई । बताया गया कि नालंदा परिसर लगभग 250 विद्यार्थी क्षमता की होगी। भवन में भू तल व प्रथम तल का निर्माण होग़ा। इसके साथ ही पार्किंग, गॉर्ड रूम और 3 कैफेफेटेरिया भी बनेगा। नालंदा परिसर का निर्माण 4 करोड़ से अधिक की लागत से किया जा रहा है जिसमें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु सर्व सुविधा युक्त लाइब्रेरी होगी। आगामी जून माह तक पूर्णता की समय सीमा निर्धारित है। इसके पश्चात निर्माणाधीन वृहद पानी टंकी का निरीक्षण किया गया एवं जल्द निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये। यहां लगभग 85 लाख लीटर क्षमता की वृहद पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है। नवीन सब्जी मण्डी एवं रामसागर तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भी जायजा लिया गया।

इसके पश्चात फायर स्टेशन निर्माण हेतु शहर के नजदीक पनगांव में गौठान के पास जमीन चिन्हांकित कर आबंटन हेतु नस्ती तैयार करने के निर्देश दिये। नवनिर्मित चौपाटी में विभिन्न दुकानों का अवलोकन कर दुकान संचालकों से पूछताछ की गई। इसके साथ ही मुरूम तालाब के सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम प्रकाश कोरी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने की लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा

बलौदाबाजार । कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने जिले में स्वीकृत एवं प्रगतिरत कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्राथमिकता वाले निर्माण कार्यों की कड़ी निगरानी कर तय समय पर पूर्ण कराने तथा सड़क मरम्मत कार्य बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने कहा कि बलौदाबाजार -सुहेला -सिमगा, पड़कीडीह -हिरमी, भाटापारा - सेमरिया चंद्रखुरी एवं कोटा -जारा -संडी सड़क निर्माण प्राथमिकता वाले है। इन कार्यों को समय पर पूरा कराने ठेकदार पर कड़ी निगरानी रखें। एसडीओ और सब इंज़ीनियर नियमित फिल्ड विजिट करें, कोई ठेकेदार लापरवाही करता है तो नोटिस जारी करें और पेनाल्टी लगाएं। इसी तरह रिसदा बाई पास एवं बलौदाबाजार लटुआ बाईपास निर्माण के लिये आवश्यक पहल करें। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने कहा। कलेक्टर ने भवन निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए नालंदा परिसर, एथलेटिक्स ट्रेक्स, इंडोर स्टेडियम निर्माण सहित स्कूल भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, शौचालय निर्माण कार्य को भी तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। बताया गया कि इस वर्ष लगभग 174 करोड़ रुपए के 16 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। सड़क मरम्मत एवं पैच रिपेरिंग कार्य के लिये भी स्वीकृति मिली है और कुछ सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू किया गया है।ज्ञातव्य है कि कलेक्टर शर्मा ने विगत दिनो पड़कीडीह - हिरमी सड़क निर्माण का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिये थे।

## राजस्व मंत्री ने हाट बाजार का लोकार्पण एवं सब्जी बाजार का किया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शनिवार को नगर पालिका बलौदाबाजार के वार्ड 13 में हाट बाजार का लोकार्पण एवं वार्ड 10 में सब्जी बाजार निर्माण का भूमिपूजन किया। हाट बाजार में करीब 32 पक्के छत वाले चबूतरे का निर्माण 32 लाख की लागत से किया गया है। वहीं सब्जी बाजार का निर्माण करीब 3 करोड़ 40 लाख की लागत से होग़ा।

कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि आज बलौदाबाजार शहर के विकास में एक कड़ी और जुड़ गई है। अब शहर में परिवर्तन दिखाई देने लगा है और आने वाले 2 वर्षो में शहर का कायाकल्प हो जाएगा और सुंदर शहर बनेगा। उन्होंने कहा कि केवल शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्य से ही शहर सुंदर नहीं बनता बल्कि इसके लिये नगरवासियो को जागरूक भी होना होगा। शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेदारी लेनी होगी। कचरा यहां वहां न फेंक कर कूड़ादान या डस्टबीन में डालने की आदत शुरू करना होगा। इसके लिये सभी को संकल्प लेना हो।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, उपाध्यक्ष नगर पालिका जितेन्द्र महले सहित पार्षदगण एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## खैरा स्कूल में पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई



**सेल।** प्राथमिक शाला खैरा (क) में पांचवी के छात्रों के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। प्रधानपाठक जगन्नाथ प्रसाद देवांगन के नेतृत्व और मार्गदर्शन में कक्षा 4थी के छात्रों ने 5वीं के बच्चों को विदाई दी, जिसमे मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि केशव प्रसाद सोनी, अध्यक्षता कर रहे संकुल प्रभारी प्रदीप जांगड़े, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रामभरोस साहू, नरेंद्र कुमार सिन्हा, जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, द्वारा मां सरस्वती की पूजन पश्चात 5वीं के बच्चों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया। कार्यक्रम में देवांगन द्वारा विदाई के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही केशव सोनी, प्रदीप जांगड़े द्वारा भी संबोधित किया गया। साथ ही बच्चों, जनप्रतिनिधि और स्टाफ सदस्यों के लिए नाश्ता ठंडा की व्यवस्था किया गया था एवं सभी को पेन देकर सम्मानित किया गया। अंत में देवांगन द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में इसी प्रकार सहयोग प्रदान करते रहने की अपील की गई।

## पेज 9 के शेष

### नेशनल लोक अदालत...

वर्मा, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विवेक गर्ग, अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा सतीश कुमार जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरिश पाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रशांत भास्कर, सारिका नंदे, श्वेता मिश्रा कसडोल, योगिता जांगड़े सिमगा, अंकिता गुप्ता एवं अंकिता अग्रवाल भाटापारा सहित अन्य न्यायिक अधिकारी शामिल रहे। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालयों में भी खंडपीठों का गठन किया गया।इसके अलावा लोक अदालत में समझौता करने वाले पक्षकारों को स्मृति स्वरूप निःशुल्क फलदार पौधे वितरित किए गए। फलदार पौधे समृद्धि, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक माने जाते हैं। इस पहल का उद्देश्य हरियाली को बढ़ावा देना तथा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी है। जिले में आयोजित इस लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरण, ट्रैफिक चालान, अन्य पीटी ऑफेंस तथा राजस्व न्यायालयों के मामलों सहित कुल 41,074 प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें से 40,296 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### पैरावट में लगी ...

प्रेमचंद वर्मा ने बताया कि रात्रि में सोये हुये थे। बाड़ी के तरऊ कुछ आवाज आई, जाकर देखने पर पैरा में आग लगी हुई थी।आग के लपटों को देखकर ट्रैक्टर को बाहर किया गया। जिसके सामने के पहिये एवं पीछे का बड़ा पहिया आग की चपेट में आने से जल गया एवं पास में ही पशुओं का रहने का स्थान है, जिसे वहां से निकालकर बाहर किया गया।अग्निशमन वाहन के लिये रात्रि 1 बजे बलौदाबाजार भाटापारा, अंबुजा संयंत्र रवान को फोन लगाने पर वाहन नहीं होना बताया। अंततः 4 घंटे में पलारी से आई जो 10 मिनट पानी छिड़काव करने के बाद पानी नहीं हैं कहकर चला गया, जिसको फिर से फोन लगाने पर फोन बंद बताया। जिससे पैरावट राख में तब्दील हो गया। इससे यही प्रश्न उठता है कि बलौदाबाजार जिले में अनेक संयंत्र होते हुये भी नजदीकी ग्रामों में 24 घंटे आपातकालीन सेवा देने वाली अग्निशमन वाहन आग बुझाने के लिये 4 घंटे बाद पहुंच पाई, जिससे आग में 15 एकड़ का पैरा जलकर खाक हो गया।

### आग की लपटों ....

नुमा घर में 3 साल की मासूम बच्ची फंसी हुई थी। चारों तरफ आग और धुएं के बीच जान बचाना लगभग नामुमकिन लग रहा था। ऐसे खतरनाक हालात में आरक्षक जियान वर्मा ने अदम्य साहस और समझदारी का परिचय दिया। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना झोपड़ी में घुसकर मासूम बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अगर थोड़ी भी देर हो जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस और ग्रामीणों की सूझबूझ और बहादुरी से एक बड़ी त्रासदी टल गई।इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब वर्दी कर्तव्य और मानवता के साथ खड़ी होती है, तो वह सिर्फ कानून की रखवाली नहीं करती, बल्कि जिंदगी भी बचाती है।

### अवैध सिलेंडर पर प्रशासन...

व्यापारी योगेश ताम्रकार के गोदाम से 23 अवैध खाली सिलेंडर को जब्त कर गैस एजेंसी को सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही सिमगा स्थित मां बमलेश्वरी गैस एजेंसी एवं अमृत बर्तन भंडार की भी जांच की गयी। इस दौरान तहसीलदार सिमगा, खाद्य निरीक्षक एवं राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश...

द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। 11.30 बजे पटेल छात्रावास (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास) में मरार समाज भवन का लोकार्पण। दोपहर 1 बजे ग्राम सेल सुतिया पारा में भक्त माता कर्मा जयंती एवं मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। शाम कसडोल से पलारी-महासमुंद होते हुए गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

विनम्र श्रद्धांजलि

परिवार जिसका मंदिर था... स्नेह जिसकी शक्ति थी.....
परिश्रम जिसका कर्तव्य था.... परमार्थ जिसकी भक्ति थी.....



श्री लोचन प्रसाद देवांगन जी

ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दे

!!ओम्-शांति!!

मान्यवर

विधि के विधान के समक्ष हम सब नतमस्तक होकर सूचित कर रहे है कि मेरे भाई लोचन प्रसाद देवांगन का स्वर्गवास 05.03.2026 को हो गया है, स्वर्गलोकी आत्मा की शांति के लिए दशगात्र का कार्यक्रम दिनांक 15.03.2026 दिन रविवार को रखा गया है उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें

तालाब कार्यक्रम - दोप. 12 बजे (पनखटिया तालाब)
गंगा परघनी - दोप. 1 बजे
शांति भोज - दोप. 1 बजे से...
स्थान - निज निवास, गुरु छाया भवन के सामने, खरोरा

-: शोकाकुल परिवार :-
तिलक राम देवांगन (पूर्व राज्य मंत्री मध्यप्रदेश), ईश्वरी देवांगन (समाज सेवी)
हरिओम देवांगन, डॉ महेंद्र देवांगन, गिरीश देवांगन (पूर्व अध्यक्ष खनिज विकास निगम छ.ग)
गोपी देवांगन, धनेश देवांगन, राकेश देवांगन, सचिन देवांगन, मोहनीश देवांगन,
भूमिश देवांगन एवं समस्त देवांगन परिवार

-: विनीत :-
राजेंद्र प्रसाद देवांगन (भाई)
संजीव देवांगन (पुत्र)
अरविंद देवांगन (पुत्र)
पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष खरोरा
लोकेश देवांगन (पुत्र)
सरिता देवांगन (पुत्री)

नोट :- जिस स्नेहजनों को आमंत्रण नहीं मिला है इसे ही आमंत्रण समझे।

## खबर संक्षेप



### वाद्य यंत्र कलाकर ढोलक बनाने में जुटे

**भैंसा।** छत्तीसगढ़ वाद्य यंत्र मांदर ढोलक या मृदंग के जैसे दिखने वाले छत्तीसगढ़ी वाद्य यंत्र मांदर की अपनी अलग पहचान है। यह ऐसा बाजा है, जिसके बिना छत्तीसगढ़ी लोक गीत या नवरात्र के लोक जस गीत पूरे ही नहीं होते हैं। चैत्र नवरात्रि करीब हैं, ऐसे में वाद्य यंत्र के बनाने वाले कलाकर जोर शोर से निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं।

### चितावर धाम में 19 से 26 मार्च तक नवदुर्गा महोत्सव

**हिरमी-रावन।** ग्राम भालूकोना (मोहरा) स्थित चितावर धाम में चैत्र नवरात्रि पर 19 से 26 मार्च तक नवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान ज्योति कलश स्थापना, रामायण पाठ एवं पंडवानी कार्यक्रम सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। आयोजन समिति के अनुसार 19 मार्च गुरुवार को नवरात्रि प्रारंभ के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित किया जाएगा। श्रद्धालु तेल ज्योति कलश 701 रुपये तथा घी ज्योति कलश 1001 रुपये में स्थापित कर सकते हैं। नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 23 मार्च को पंचमी के दिन विशेष पूजा तथा 26 मार्च गुरुवार को अष्टमी के अवसर पर भव्य पंडवानी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जय शिवेश्वर पंडवानी पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक रखा गया है। आयोजन को सफल बनाने में जय पावनी सेवा समिति मोहरा, जय चितावर सेवा समिति भालूकोना तथा जय शीतला महिला सेवा समिति मोहरा सहित ग्रामीणों का विशेष सहयोग मिल रहा है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई



**खरोरा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलटुकरी, संकुल भड़हा में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि जीवन में शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। शिक्षक संदीप कुमार ध्रुव ने भी छात्रों को अपने अनुभव साझा करते हुए जीवन में सदैव सीखते रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश कुर्रे, उपाध्यक्ष चैतराम नारंग, सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार कुर्रे, गजेन्द्र नारंग, दिलीप खुटे, किशुन चेलक सहित अन्य सदस्यों ने भी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से बी.आर.सी.सी. देवेन्द्र सिंह ठाकुर का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

## निधन

### छेदन साहू

**भवानीपुर।** नगर पंचायत रोहांसी निवासी 68 वर्षीय छेदन साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रोहित साहू, राकेश साहू के दादा, एवं रोहाणी साहू, मोतिम साहू, कुसुम साहू के पिता थे।



# ताराशिव में गौधाम योजना का शुभारंभ, पशुधन का हुआ टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला रायपुर एवं श्री संभु शिवा प्रिया सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ताराशिव में राज्य सरकार की गौधाम योजना शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान राष्ट्रीय खुरपका-मुंहपका रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पशुधन का टीकाकरण भी किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बिलासपुर के लाखासार से गौधाम योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना के तहत आज प्रदेश में 29 गौधाम की शुरुआत होगी। प्रथम चरण में 152 गौधाम बनाए जाएंगे, वहीं चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में 1460 गौधाम विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल घुमंतू और निराश्रित पशुधन के संरक्षण के साथ-साथ समाज में संवेदनशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि रायपुर जिले के अंतर्गत जिस भी ग्राम पंचायत या गांव के लोग गौ सेवा के लिए अपनी इच्छा शक्ति व्यक्त करेंगे, वहां समिति का पंजीयन कर गौधाम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे लोगों को योजना का लाभ मिल सके।

### घुमंतू और निराश्रित पशुधन के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल




#### 5 लाख रुपये में शेड निर्माण एवं रखरखाव के लिए घोषणा

इस अवसर पर उन्होंने धाराशिव में गौधाम के लिए 5 लाख रुपये की शेड निर्माण एवं रखरखाव हेतु घोषणा भी की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति स्वाति वर्मा, सरोज चंद्रवंशी, शैल साहू, नगर पालिका तिल्दा की अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र वर्मा, नगर पंचायत खरोरा प्रतिनिधि अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमित सेन, सरपंच पूर्णिमा वर्मा, मंडल अध्यक्ष नर्सिंग वर्मा, मनोज निषाद, सोना वर्मा, चंद्रकांत साहू सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### इंतजार : सरकारें बदलीं, पर जनता की आस नहीं हुई पूरी

# अमेठी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण तीन साल बाद भी अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इन 25 वर्षों में भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों ने प्रदेश की सत्ता संभाली, लेकिन कसडोल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पलारी विकासखंड के अमेठी में महानदी पर प्रस्तावित उच्च स्तरीय पुल आज भी सिर्फ घोषणा बनकर रह गया है। तीन वर्ष पूर्व हुई घोषणा के बावजूद निर्माण कार्य का जमीन पर कोई अता-पता नहीं है। इससे क्षेत्रवासियों में असमंजस और नाराजगी का माहौल गहराता जा रहा है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के कार्यकाल में इस पुल की मांग प्रमुखता से उठी थी। इसके बाद सरकार ने इस्टीमेट तैयार कर निर्माण का आश्वासन दिया था। पश्चात 22 दिसंबर 2022 को भूपेश बघेल ने ग्राम ओड़ान में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान अमेठी में महानदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की औपचारिक घोषणा की थी। उस समय क्षेत्र में उत्साह का वातावरण था और लोगों को उम्मीद थी कि वर्षों पुरानी समस्या का समाधान अब शीघ्र होगा। लेकिन तीन साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई सरकार बनने के बाद लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि पूर्व सरकार की घोषणाओं का भविष्य क्या होगा।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि जनहित की योजनाएं सरकार बदलने के साथ ठंडे बस्ते में चली जाएं, तो विकास की निरंतरता पर प्रश्नचिन्ह लग जाता है।

यदि अमेठी घाट पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण हो जाए, तो लगभग 30 से 40 गांवों के कई हजार ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में बड़ी राहत मिलेगी। यह पुल केवल सुविधा नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों के लिए जीवनरेखा साबित होगा।

राज्य सरकार द्वारा रामवनगमन पथ को पर्यटन परियोजना के रूप में विकसित किए जाने के बाद तुरतुरिया में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ी है। ऐसे में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण न केवल ग्रामीणों को सुविधा देगा, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन को भी नई गति प्रदान करेगा।

जनता की पीड़ाः घोषणाएं नहीं, धरातल पर काम चाहिए नगर पंचायत रोहांसी के वरिष्ठ नागरिक लेखराम साहू ने कहा कि अमेठी घाट पर उच्च स्तरीय पुल केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि हजारों लोगों की रोजमर्रा की जरूरत और क्षेत्रीय विकास की आधारशिला है।

### बरसात में चार महीने ठप रहता है आवागमन



#### बरसात में क्षेत्रवासियों की बढ़ जाती है मुश्किलें

गर्मी के दिनों में लोग अमेठी एनीकेट के ऊपर से आवाजाही कर लेते हैं, लेकिन बरसात शुरू होते ही यह मार्ग पूरी तरह बंद हो जाता है। महानदी का जलस्तर बढ़ने से करीब चार माह तक यह रास्ता अवरुद्ध रहता है। इस दौरान क्षेत्रवासियों को तुरतुरिया, पलारी ब्लॉक मुख्यालय और नदी पार के गांवों तक पहुंचने के लिए 60 से 70 किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। आपातकालीन परिस्थितियों जैसे गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाना, छात्रों की परीक्षा या किसानों की उपज बाजार तक पहुंचाना में यह दूरी भारी संकट बन जाती है।

#### आंदोलन की चेतावनी

क्षेत्रवासियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे। जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन तक ज्ञापन सौंपने की तैयारी की जा रही है। अमेठी का उच्च स्तरीय पुल अब केवल एक अधूरी घोषणा नहीं, बल्कि सरकार की विकास प्रतिबद्धता की परीक्षा बन चुका है। जनता की नजर अब इस बात पर टिकी है कि क्या नई सरकार इस लंबे इंतजार को समाप्त कर ठोस पहल करेगी, या यह परियोजना भी कागजों में ही सिमट कर रह जाएगी।

# पलारी में विकास के लिए कलेक्टर से मिले नगर अध्यक्ष व पार्षद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत पलारी के नगर अध्यक्ष गोपी साहू के नेतृत्व में पार्षदगणों ने जिले के कलेक्टर कुलदीप शर्मा से सौजन्य मुलाकात कर नगर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने नगर में बढ़ते जल संकट को ध्यान में रखते हुए जल संचयन के लिए ठोस एवं प्रभावी योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाना चाहिए, जिससे भविष्य में जल संकट की स्थिति को काफी हद तक कम किया जा सके।

इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने पलारी स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग भी रखी, ताकि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने कलेक्टर को सिद्धेश्वर मंदिर का छायाचित्र भेंट कर उन्हें पलारी आकर मंदिर दर्शन करने का सादर आमंत्रण भी दिया।

मुलाकात के दौरान बालसमुंद तालाब के गहरीकरण की मांग भी की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि तालाब के गहरीकरण से जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य में नगरवासियों को पेयजल संकट व निस्तारी के लिए हो रही तकलीफों से काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि पलारी नगर के समग्र विकास और जन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में नगर में विकास कार्यों को और गति मिलेगी तथा जल संरक्षण सहित अन्य योजनाओं पर शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जा सकेगा।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, नारायण धीवर, लुकेश्वरी पुनीत निषाद, प्रतिभा घनश्याम धीरहे, डोमार वर्मा, रवि ध्रुव तथा कुमार धीवर उपस्थित रहे।

#### सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी पर रोक

नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने कलेक्टर को अवगत कराया कि नगर पंचायत पलारी द्वारा नगर सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए हैं। इनमें प्लास्टिक मुक्त पलारी अभियान, सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी पर रोक तथा दिवंगत जनों की स्मृति में वृक्षारोपण जैसे जनहितकारी विषय शामिल हैं। इस पर कलेक्टर ने इन प्रस्तावों की सराहना करते हुए इसमें जल संचयन और जल संरक्षण की दिशा में विशेष पहल से संबंधित एक और प्रस्ताव जोड़ने की सलाह दी।

# परसाडीह में मिनी माता जयंती मनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

आयुर्वेद ग्राम परसाडीह में मिनी माता जयंती मनाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि हीरा बरभव नाथ जाटवर जनपद सदस्य सारंगढ़, विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार पटेल जनपद सदस्य बिलाईगढ़, सुश्री करुणा मरावी सामाजिक कार्यकर्ता, अध्यक्षता श्रवण कुमार घृतलहरे संपादक सुघर गांव छत्तीसगढ़। उक्त सभी अतिथियों ने मिनी माता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जीवन परिचय एवं जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालें। वक्ताओं ने कहा कि सतनामी समाज की प्रथम महिला सांसद थी। उन्होंने अपने जीवन काल में समाज में फैले व्याप्त कुरीतियों समाप्त करने के लिए संघर्ष किया और नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए पुरजोर कोशिश की। तब महिलाओं ने यहां तक आकर खड़े हुए दिखाई दे रही है। इनके कार्य को कभी भुलाया नहीं जाएगा, हमेशा याद रखा जाएगा।



इस अवसर पर पत्रकार, साहित्य कार, समाज सेविका नारी शक्ति करण को प्रमाण पत्र एवं सत गुरु कलेण्डर देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्य प्रशंसनीय एवं यादगार रहा। कार्यक्रम में हीरा देवी निराला, दिव्यांगजन संचालक एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्नेह, साहित्यकार, पीतर लहरे वेलनेस कोच, पत्रकार गण रुपेश श्रीवास्तव, दरस राम टण्डन, गनपत बंजारे, कुर्रे जी, राज कुमार जांगडे और ग्रामीण उपस्थित थे।

# छात्रों ने जाना नाभिक और केनद्रिका के महत्वपूर्ण तथ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कमलाकांत शुक्ल इंस्टीट्यूट में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए जंतुविज्ञान के नाभिक विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। अतिथि व्याख्यान हेतु डॉ. संगीता बंजारे, सहायक प्राध्यापक जंतुविज्ञान विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे। प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान एवं मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. संगीता बंजारे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शरीर की कोशिका में भीतर पाए जाने वाले नाभिक के बारे में तथा केनद्रिका से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों एवं उनके कार्यात्मक बिंदुओं पर चर्चा की। जिससे संकाय के विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे। गौरतलब है कि महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान के सहयोग एवं प्रतिनिधित्व में समय समय पर ऐसे व्याख्यान आयोजित होते रहते हैं।



इस अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी छात्र-छात्राए, सहायक प्राध्यापक प्रवीन विश्वास, प्रमिला शर्मा एवं अन्य सभी सहायक प्राध्यापक एवं स्टॉफ भी उपस्थित थे।

### चैत्र नवरात्रि के लिए डोगरदेवी मंदिर परिसर में साफ सफाई शुरू

**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी के अंतर्गत ग्राम मलपुरी गिधपुरी में मां डोंगर देवी मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्रि पर ट्रस्ट द्वारा परिसर की साफ सफाई करायी जा रही है। इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि में मनोकामना दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इस साल ज्योत की राशि बढ़ा दी गई है, जिसमें प्रत्येक ज्योत 751 समिति द्वारा निर्धारित की गई है। समिति द्वारा भोजनालय का व्यवस्था की गई है।



# बैठक में शाला विकास अनुदान राशि का प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विकास खण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के बैठक हुई। जिसमें शाला विकास अनुदान राशि के क्रय करने के लिए प्रस्ताव पारित की गई। बैठक मे उपस्थित सवद्व यादव अध्यक्ष प्रबंधन समिति, एस एल पटेल प्राचार्य, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य दुर्गेश दुबे, बिशेषर साहू, नारायण प्रसाद साहू, धनसाय यादव, डी आर टण्डन, श्री साहू, यादव एवं स्कूल के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



### महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य करेंगी विकास परियोजनाओं का अवलोकन

# 30 महिलाएं चार दिवसीय तीर्थ यात्रा के लिए पूरी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

महिला एवं बाल विकास विभाग की दिशा योजना के अंतर्गत महिलाओं के विकास हेतु संचालित विभिन्न परियोजनाओं के अवलोकन के लिए खरोरा से पुरी के लिए महिला स्व-सहायता समूह की बस को जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 14 मार्च को खरोरा से 30 महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याओं को चाइल्ड लाइन परियोजना समन्वयक रेखा शर्मा के नेतृत्व में पूरी के लिए रवाना किया गया।



इस यात्रा में शामिल महिलाओं में नीला बर्मा, गीता वर्मा, हेमिन वर्मा, होग वर्मा, मालती पटेल, शकुंतला कोसल, यशोदा निर्मलकर, गंगा वर्मा, रामकुमारी साहू, योगिता साहू, शैलेंद्र साहू, जानकी मनीपुरी, ललिता आहूजा, रश्मि वर्मा, शकुंतला महार, कौशल्या तुगिने, संतोष नाशीने, शकुन नगिने, पूर्णिमा माघरा, रमा यादव, कन्यानी वर्मा, सरिता गहर, गंगा धीवर, सरस्वती देवांगन, कीर्ति वर्मा, ईश्वरी साहू, चंद्रिका धीवर, बिटीवन बर्मा, उमरमाला वर्मा, धनेश्वरी व लक्ष्मी वर्मा सहित कुल 30 महिलाएं शामिल हैं।

#### जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

इस यात्रा के दौरान महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं विभिन्न विकास परियोजनाओं का अवलोकन करेंगी। साथ ही उन्हें श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण पवित्र तीर्थ स्थलों के दर्शन का भी अवसर मिलेगा। यात्रा के दौरान ओडिशा स्थित पुरी जगन्नाथ धाम तथा नरसिंहनाथ मंदिर सहित अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन भी कराए जाएंगे। यह चार दिवसीय यात्रा 14 मार्च से प्रारंभ होकर 18 मार्च को वापस खरोरा पहुंचेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने महिलाओं की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और सभी को सुखद एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

